संख्या- 208 /2021 / 2173 /चार-2021-1881/ 2020

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 06 दिसम्बर, 2021**

विषय:- चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर की अवस्थापना को उन्नत कराये जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर के पत्र संख्या-1554/बौद्ध संग्रहालय दिनांक 23.11.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. शासनादेश संख्या- 103 /2021 / 623 /चार-2021-1881/ 2020 दिनांक 31 मार्च, 2021 द्वारा राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर की अवस्थापना को उन्नत कराये जाने हेतु मूल्यांकित लागत रू0 984.14 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रायोजना में इंटीरियर एक्जीबिट जैसे विशिष्ट प्रकृति के कार्यों के मूल्यांकन हेतु गठित समिति द्वारा एक्जीबिट संबंधी कार्यों के लिए रू0 559.60 लाख की संस्तुति की गयी है।

3. उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रायोजना में मूल्यांकित लागत रू0 984.14 लाख में इंटीरियर एक्जीबिट जैसे विशिष्ट प्रकृति के कार्यों हेतु रू0 559.60 लाख की संस्तुति को सम्मिलित करते हुए राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर की अवस्थापना को उन्नत कराये जाने हेतु रू0 1543.74 लाख (रूपये पन्द्रह करोड़ तिरालिस लाख चौहत्तर हजार मात्र) की संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. शासनादेश संख्या- 103 /2021 / 623 /चार-2021-1881/ 2020 दिनांक 31 मार्च, 2021 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

संख्या- 208 /2021 / 2173 (1) /चार-2021-1881/ 2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर।
3- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार,जवाहर भवन, लखनऊ/ मुख्य कोषाधिकारी, गोरखपुर।
5- उप निदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर-आहरण वितरण अधिकारी, गोरखपुर।
6- आहरण एवं वितरण अधिकारी-राज्य संग्रहालय, लखनऊ/रा.बौ. संग्रहालय, गोरखपुर।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in